मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-313
14/05/2023

# मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्य तिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**पटना, 14 मई 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर मंजू कुमारी सिन्हा स्मृति पार्क कंकड़बाग जाकर स्व0 मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मंजू कुमारी सिन्हा स्मृति पार्क कंकड़बाग से अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका पहुॅचकर अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्व0 परमेश्वरी देवी एवं अपने पिता कविराज स्व0 रामलखन सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के सुपुत्र श्री निशांत कुमार, बड़े भाई श्री सतीश कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कल्याण बिगहा स्थित अपने पुश्तैनी गॉव के देवी मंदिर में राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं उनके त्वरित निष्पादन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक श्री जितेन्द्र कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, पूर्व विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंद किशोर कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व0 मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

******